# जय महाकाल राजा भोले जय गौरी नाथा लिरिक्स

जय महाकाल राजा,
भोले जय गौरी नाथा,
तीर्थ अवन्ती विराजे,
भक्तों की रखे लाजा,
ॐ जय महाकाल राजा।bd।

देखे – ॐ जय शिव जय महाकाल।

---

ज्योतिर्लिंग स्वरूपा,
कालों के महाकाल,
दक्षिणमुख में विराजे,
मृत्युंजय महाकाल,
ॐ जय महाकाल राजा।bd।

---

तारक लिंग आकाश में,
हाटकेश्वरम पाताल,
भूलोक में विराजे,
बाबा श्री महाकाल,
ॐ जय महाकाल राजा।bd।

---

भस्म आरती बाबा,
जग में है न्यारी,
त्रिगुणाकार छवि बाबा,
भक्तों को लगे प्यारी,
ॐ जय महाकाल राजा।bd।

---

मंत्र तेरा पंचाक्षरी,
ॐ नमः शिवाय,
जपते जपते प्राणी के,
जन्म मरण मिट जाये,
ॐ जय महाकाल राजा।bd।

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

शीश में चन्द्र विराजे,
और जटा में है गंगा,
करते नंदी सवारी,
गले में भुजंगा,
ॐ जय महाकाल राजा।bd।

---

आरती बाबा महाकाल की,
जो कोई गावे,
कहत सत्य श्री मुख से,
सुख संपति पावे,
ॐ जय महाकाल राजा।bd।

---

जय महाकाल राजा,
भोले जय गौरी नाथा,
तीर्थ अवन्ती विराजे,
भक्तों की रखे लाजा,
ॐ जय महाकाल राजा।bd।

लेखक – डॉ. सतीश गोथरवाल ‘सत्य’
**8959791036**
गायक – दक्ष गोथरवाल।

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com